collegebatch.com

**Series : Z6YWX**

**SET~1**

**प्रश्न-पत्र कोड**
**Q.P. Code** **61/6/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# इतिहास
# HISTORY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

| | |
|---|---|
| **नोट** | **NOTE** |
| (I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **21 + 1** मानचित्र हैं। | (I) Please check that this question paper contains **21** printed pages **+ 1** Map. |
| (II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें। | (II) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। | (III) Please check that this question paper contains **34** questions. |
| (IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।** | (IV) **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.** |
| (V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे। | (V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. # |

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ**।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **21** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **22** से **27** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60** से **80** शब्दों में लिखिए।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **28** से **30** दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **8** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **300** से **350** शब्दों में लिखिए।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **31** से **33** तीन उप-प्रश्नों वाले स्रोत-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **34** मानचित्र-आधारित प्रश्न है जिसमें महत्त्वपूर्ण परीक्षण वस्तुओं की पहचान और स्थान शामिल हैं। यह प्रश्न **5** अंकों का है। मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, प्रश्न-पत्र के खण्ड ख, ग तथा ङ में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है। परीक्षार्थी को इन प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखना है।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

## खण्ड क

**(बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न)** ***21×1=21***

**1.** मान लीजिए कि आप किसी संग्रहालय में जाते हैं और आपको हड़प्पा की मुहर मिलती है जिस पर एक बैल का चित्रण है। इससे हड़प्पा की मान्यताओं या प्रथाओं के बारे में क्या पता चलता है ?

(A) बैलों को सुरक्षा के लिए महत्त्वपूर्ण माना जाता था।

(B) बैलों का संबंध ओमान के साथ युद्ध से था।

(C) बैलों को धन का प्रतीक माना जाता था।

(D) बैलों का प्रयोग कृषि में किया जाता था।

**2.** निम्नलिखित में से कौन 1944 में सेना के एक पूर्व ब्रिगेडियर और भारत के पुरातत्त्व सर्वेक्षण के महानिदेशक थे ?

(A) जॉन मार्शल (B) आर.ई.एम. व्हीलर

(C) अलेक्ज़ैंडर कनिंघम (D) एस.एन. रॉय

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Question paper is divided into **five** Sections – **Sections A, B, C, D** and **E**.*

*(iii)* ***Section A** – questions number **1** to **21** are Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* ***Section B** – questions number **22** to **27** are Short Answer type questions. Each question carries **3** marks. Write answer to each question in **60** to **80** words.*

*(v)* ***Section C** – questions number **28** to **30** are Long Answer (LA) type questions. Each question carries **8** marks. Write answer to each question in **300** to **350** words.*

*(vi)* ***Section D** – questions number **31** to **33** are Source-based questions having three sub-questions. Each question carries **4** marks.*

*(vii)* ***Section E** – question number **34** is Map-based question that includes the identification and location of significant test items. This question carries **5** marks. Attach the Map with the answer-book.*

*(viii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in Sections B, C and E of question paper. A candidate has to write answer for only one of the alternatives in such questions.*

*(ix)* *In addition to this, Note that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, Map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

## SECTION A

**(Multiple Choice Type Questions)** ***21×1=21***

**1.** Assume you visit a museum and find a Harappan seal depicting a bull. What might this suggest about Harappan beliefs and practices ?

(A) Bulls were considered important for protection.

(B) Bulls were associated with warfare with Oman.

(C) Bulls were considered as the symbol of wealth.

(D) Bulls were usually used in agriculture.

**2.** Who among the following was an ex-army Brigadier and Director General of the Archaeological Survey of India in 1944 ?

(A) John Marshall (B) R.E.M. Wheeler

(C) Alexander Cunningham (D) S.N. Roy

collegebatch.com

**3.** नीचे दो कथन, अभिकथन (A) और कारण (R) दिए गए हैं। इनको ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :* प्राचीन भारत में, गोत्र प्रणाली का उपयोग वंश का पता लगाने के लिए किया जाता था।

*कारण (R) :* गोत्र एक बहिर्विवाह इकाई थी, जिसमें एक ही गोत्र में विवाह की अनुमति नहीं थी।

विकल्प :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है।

**4.** निम्नलिखित में से बौद्ध ग्रंथों के संदर्भ में विषम युग्म की पहचान कीजिए :

(A) दीपवंश, महावंश, सुत्त पिटक

(B) सुत्त पिटक, अभिधम्म पिटक, विनय पिटक

(C) अशोकावदाना, महावंश, जातक कहानियाँ

(D) उत्तराध्ययन सूत्र, सुत्त पिटक, विनय पिटक

**5.** *महाभारत* से संबंधित स्तंभ I का स्तंभ II से मिलान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

| *स्तंभ I (चरित्र)* | *स्तंभ II (भूमिका)* |
|---|---|
| a. युधिष्ठिर | i. पांडवों की माता |
| b. धृतराष्ट्र | ii. कौरवों की माता |
| c. कुंती | iii. पांडवों का ज्येष्ठ पुत्र |
| d. गांधारी | iv. दुर्योधन के पिता |

विकल्प :

(A) a-ii, b-iv, c-iii, d-i

(B) a-iv, b-iii, c-ii, d-i

(C) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

(D) a-i, b-iii, c-iv, d-ii

collegebatch.com

**3.** Two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read them carefully and select the correct option :

*Assertion (A) :* In ancient India, Gotra system was a way to trace lineage.

*Reason (R) :* Gotra was an exogamous unit, marriage within the same Gotra was not allowed.

Options :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**4.** Find the odd one out from the following regarding the Buddhist texts :

(A) Dipavamsa, Mahavamsa, Sutta Pitaka

(B) Sutta Pitaka, Abhidhamma Pitaka, Vinaya Pitaka

(C) Ashokavadana, Mahavamsa, Jatakas

(D) Uttaradhyayana Sutta, Sutta Pitaka, Vinaya Pitaka

**5.** Match Column I with Column II and choose the correct option with reference to *Mahabharata*.

| | *Column I (Character)* | | *Column II (Role)* |
|---|---|---|---|
| a. | Yudhisthira | i. | Mother of the Pandavas |
| b. | Dhritarashtra | ii. | Mother of the Kauravas |
| c. | Kunti | iii. | Eldest of the Pandavas |
| d. | Gandhari | iv. | Father of Duryodhana |

Options :

(A) a-ii, b-iv, c-iii, d-i

(B) a-iv, b-iii, c-ii, d-i

(C) a-iii, b-iv, c-i, d-ii

(D) a-i, b-iii, c-iv, d-ii

**6.** निम्नलिखित जानकारी की सहायता से प्राचीन भारत के शासक की पहचान कीजिए :

- वह गुप्त शासकों में सबसे शक्तिशाली था।
- वह कला और संस्कृत साहित्य का संरक्षक था।
- उसके लोग उसे देवताओं के बराबर मानते थे।

विकल्प :

(A) चन्द्रगुप्त (B) समुद्रगुप्त

(C) श्रीगुप्त (D) कुमारगुप्त

**7.** नीचे दिए गए चित्र के संदर्भ में, अशोक स्तंभ का सिंहशीर्ष कहाँ स्थित है ?



(A) लुम्बिनी (B) सारनाथ

(C) बोधगया (D) कुशीनगर

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **7** के स्थान पर है।*

निम्नलिखित में से किस राजवंश से राजा अशोक का संबंध था ?

(A) गुप्त (B) मौर्य

(C) सातवाहन (D) नन्द

**8.** इब्न बतूता ने भारतीय कृषि को अत्यधिक उत्पादक क्यों पाया ?

निम्नलिखित में से सर्वोपयुक्त कारण की पहचान कीजिए :

(A) कीटों और कीड़ों की कमी

(B) कुशल और अनुभवी किसान

(C) पूरे वर्ष वर्षा और मिट्टी की गुणवत्ता

(D) उपजाऊ मिट्टी और सिंचाई प्रणाली

**6.** Identify the ruler of ancient India with the help of following information :

- He was the most powerful of the Gupta rulers.
- He was a patron of art and Sanskrit literature.
- He was considered equal to the Gods by his people.

Options :

(A) Chandragupta (B) Samudragupta

(C) Srigupta (D) Kumaragupta

**7.** In reference to the picture provided below, where is the lion capital of the Ashoka Pillar located ?



(A) Lumbini (B) Sarnath

(C) Bodh Gaya (D) Kushinagar

***Note :*** *The following question is for* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. no.* ***7****.*

Which of the following dynasties did King Ashoka belong to ?

(A) Gupta (B) Maurya

(C) Satavahana (D) Nanda

**8.** Why did Ibn Battuta find Indian agriculture very productive ?

Identify the most appropriate reason from the following :

(A) Lack of pests and insects

(B) Skilled and experienced farmers

(C) Year round rainfall and soil quality

(D) Fertile soil and irrigation system

collegebatch.com

**9.** कबीर ने 'निर्गुण भक्ति' पर बल दिया। कबीर की आध्यात्मिक मान्यताओं के बारे में यह अवधारणा क्या दर्शाती है ?

(A) वे गुणों वाले एक व्यक्तिगत ईश्वर में विश्वास रखते थे।

(B) उन्होंने अनुष्ठानों और समारोहों के महत्त्व पर बल दिया।

(C) उन्होंने ईश्वर और मनुष्यों के बीच एक पदानुक्रमिक संबंध को माना।

(D) वे ईश्वरीय एकता में विश्वास रखते थे।

**10.** निम्नलिखित में से विजयनगर साम्राज्य के संदर्भ में कौन-सा कथन सही है ?

(A) विजयनगर साम्राज्य की स्थापना 13वीं शताब्दी में हरिहर के द्वारा की गई थी।

(B) विजयनगर, शहर और साम्राज्य दोनों का नाम था।

(C) यह साम्राज्य कावेरी और तुंगभद्रा नदियों के बीच फैला हुआ था।

(D) 15वीं शताब्दीं में विजयनगर खंडहर में बदल गया।

**11.** स्तंभ I का स्तंभ II से मिलान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

| | *स्तंभ I* *(मुगल साम्राज्य के दौरान समुदाय)* | | *स्तंभ II* *(भूमिका)* |
|---|---|---|---|
| a. | मुज़रियान | i. | लेखाकार |
| b. | पटवारी | ii. | किसान |
| c. | मज़ूर | iii. | मजदूर |
| d. | सराफ़ | iv. | बैंकर |

विकल्प :

(A) a-iv, b-iii, c-ii, d-i

(B) a-ii, b-iii, c-i, d-iv

(C) a-ii, b-i, c-iii, d-iv

(D) a-i, b-iii, c-ii, d-iv

**12.** निम्नलिखित में से कृष्णदेव राय का सबसे महत्त्वपूर्ण योगदान कौन-सा है ?

(A) उन्होंने विजयनगर साम्राज्य का विस्तार किया।

(B) उन्होंने मुगल शासकों को नियंत्रण में रखा।

(C) सैन्य नियंत्रण को उन्होंने लचीला रखा।

(D) उन्होंने तंजावुर मंदिर बनवाया।

collegebatch.com

**9.** Kabir emphasized 'Nirguna Bhakti'. What does this concept imply about Kabir's spiritual beliefs ?

(A) He believed in a personal God with attributes.

(B) He emphasized the importance of rituals and ceremonies.

(C) He advocated for a hierarchical relation between God and humans.

(D) He believed in the oneness of God.

**10.** Which of the following is the correct statement regarding Vijayanagara Empire ?

(A) The Vijayanagara Empire was founded by Harihara in the $13^{th}$ century.

(B) Vijayanagara was the name of both, city and empire.

(C) The empire stretched between rivers Kaveri and Tungabhadra.

(D) Vijayanagara fell to ruins in the $15^{th}$ century.

**11.** Match Column I with Column II and choose the correct option.

| | *Column I (Community during Mughal Empire)* | | *Column II (Role)* |
|---|---|---|---|
| a. | Muzarian | i. | Accountant |
| b. | Patwari | ii. | Peasant |
| c. | Majur | iii. | Labourer |
| d. | Shroff | iv. | Banker |

Options :

(A) a-iv, b-iii, c-ii, d-i

(B) a-ii, b-iii, c-i, d-iv

(C) a-ii, b-i, c-iii, d-iv

(D) a-i, b-iii, c-ii, d-iv

**12.** Which of the following is the most important contribution of Krishnadeva Raya ?

(A) He expanded the Vijayanagara Empire.

(B) He subdued the Mughal rulers.

(C) He kept the military control flexible.

(D) He built the Thanjavur temple.

**13.** निम्नलिखित में से अमीर खुसरो के गुरु कौन थे ?

(A) ख़्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती

(B) शेख निज़ामुद्दीन औलिया

(C) शेख सलीम चिश्ती

(D) शेख फरीदुद्दीन गंज-ए-शकर

**14.** निम्नलिखित को कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. भारत में फ्रांस्वा बर्नियर की यात्रा

II. भारत में अब्द अल-रज़्ज़ाक की यात्रा

III. भारत में इब्न बतूता की यात्रा

IV. भारत में अल-बिरूनी की यात्रा

विकल्प :

(A) I, II, IV, III (B) II, I, III, IV

(C) IV, III, II, I (D) III, IV, II, I

**15.** निम्नलिखित में सर्वोपयुक्त विकल्प से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

____________ की स्थापना ब्रिटिश सरकार ने 1875 में बॉम्बे और दक्कन में ईस्ट इंडिया कंपनी की भूमिका और आर्थिक संकट की जाँच के लिए की थी।

(A) रेग्युलेटिंग एक्ट (B) दक्कन दंगा आयोग

(C) पाँचवीं रिपोर्ट (D) पिट्स इंडिया एक्ट

**16.** निम्नलिखित में से कौन-सा 1859 में अंग्रेजों द्वारा पारित 'परिसीमन कानून' का प्रावधान ***नहीं*** था ?

(A) साहूकारों और रैयतों के बीच हस्ताक्षरित ऋणपत्र (बांड) की वैधता तीन वर्ष होगी।

(B) कानून का उद्देश्य समय के साथ ब्याज के संचय की जाँच करना था।

(C) साहूकारों और रैयतों के बीच प्रत्येक तीन वर्ष में ऋणपत्र (बांड) को नवीनीकृत किया जाता था।

(D) रैयतों को बिचौलियों के रूप में जमीन का मालिकाना हक़ दे दिया गया था।

**17.** अंग्रेज अवध क्षेत्र का अधिग्रहण क्यों करना चाहते थे ? निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) अवध में राष्ट्रवादी आंदोलन को दबाने के लिए।

(B) अवध के समृद्ध संसाधनों को पाने के लिए।

(C) भारत के पश्चिमी भाग पर नियंत्रण मज़बूत करने के लिए।

(D) अंग्रेजों का मध्य भारत में सैन्य नियंत्रण बढ़ाने के लिए।

collegebatch.com

**13.** Who among the following was the mentor of Amir Khusrau ?

(A) Khwaja Muinuddin Chishti
(B) Shaikh Nizamuddin Auliya
(C) Shaikh Salim Chishti
(D) Shaikh Fariduddin Ganj-i Shakar

**14.** Arrange the following in chronological order and choose the correct option :

I. Visit of François Bernier in India
II. Visit of Abd al-Razzaq in India
III. Visit of Ibn Battuta in India
IV. Visit of Al-Biruni in India

Options :

(A) I, II, IV, III
(B) II, I, III, IV
(C) IV, III, II, I
(D) III, IV, II, I

**15.** Fill in the blank with the appropriate option from the following :

The __________ was established by the British government in 1875 to investigate the economic distress and role of East India Company in Bombay and the Deccan.

(A) Regulating Act
(B) Deccan Riots Commission
(C) Fifth Report
(D) Pitts India Act

**16.** Which of the following was ***not*** the provision of the 'Limitation Law' passed by the British in 1859 ?

(A) The loan bonds signed between the money-lenders and ryots would have validity of three years.
(B) The law was to check the accumulation of interest over time.
(C) The money-lenders and ryots used to renew the bonds after every three years.
(D) Ryots were given permanent stakes in land as interlopers.

**17.** Why were the British keen to annex the territory of Awadh ? Choose the correct option from the following :

(A) To suppress the nationalist movement in Awadh.
(B) To get access to Awadh's rich resources.
(C) To strengthen their control in the west in India.
(D) To enhance British military control in Central India.

**18.** निम्नलिखित में से सिंहभूम के उस स्थानीय नेता की पहचान कीजिए जिसने 1857 के विद्रोह में किसानों को शामिल करने का नेतृत्व किया।

(A) शाह मल　　(B) बिरजिस क़द्र

(C) गोनू　　(D) कुँवर सिंह

**19.** स्तंभ I का स्तंभ II से मिलान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

| | *स्तंभ I* *(नेता)* | | *स्तंभ II* *(भूमिका)* |
|---|---|---|---|
| a. | हो ची मिन्ह | i. | अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम |
| b. | जे.एम. गैरीबाल्डी | ii. | भारत से ब्रिटिश वापसी |
| c. | जॉर्ज वाशिंगटन | iii. | इटली का एकीकरण |
| d. | क्लेमेंट एटली | iv. | वियतनाम का स्वतंत्रता संग्राम |

विकल्प :

(A) a-iii, b-ii, c-iv, d-i　　(B) a-iv, b-iii, c-i, d-ii

(C) a-iii, b-iv, c-ii, d-i　　(D) a-iv, b-ii, c-iii, d-i

**20.** काँग्रेस का 1929 लाहौर अधिवेशन क्यों महत्त्वपूर्ण था ? निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) पूर्ण स्वराज के लिए　　(B) अंग्रेजों से संधि के लिए

(C) गाँधीजी के नेतृत्व के लिए　　(D) रॉलट एक्ट के लिए

**21.** निम्नलिखित में से संविधान सभा की सलाहकार समिति के नेता कौन थे ?

(A) सरदार पटेल　　(B) जवाहरलाल नेहरू

(C) जी.बी. पंत　　(D) गोपाल कृष्ण गोखले

**18.** From the following identify, the local leader of Singhbhum who led the cultivators to join the Revolt of 1857.

(A) Shah Mal (B) Birjis Qadr

(C) Gonoo (D) Kunwar Singh

**19.** Match Column I with Column II and choose the correct option.

| | *Column I* *(International Leaders)* | | *Column II* *(Role )* |
|---|---|---|---|
| a. | Ho Chi Minh | i. | American war of independence |
| b. | J.M. Garibaldi | ii. | British withdrawal from India |
| c. | George Washington | iii. | The unification of Italy |
| d. | Clement Attlee | iv. | Struggle to free Vietnam |

Options :

(A) a-iii, b-ii, c-iv, d-i (B) a-iv, b-iii, c-i, d-ii

(C) a-iii, b-iv, c-ii, d-i (D) a-iv, b-ii, c-iii, d-i

**20.** Why was the 1929 Lahore Session of Congress significant ? Choose the correct option from the following :

(A) For Purna Swaraj (B) For British alliance

(C) For Gandhiji's leadership (D) For Rowlatt Act

**21.** Who amongst the following was the leader of the Advisory Committee of the Constituent Assembly ?

(A) Sardar Patel (B) Jawaharlal Nehru

(C) G.B. Pant (D) Gopal Krishna Gokhale

collegebatch.com

## खण्ड ख

### (लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न) *6×3=18*

**22.** (क) प्राचीन भारत में धर्मसूत्रों और धर्मशास्त्रों में संहिताबद्ध क्षत्रियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों की परख कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) प्राचीन भारत में वर्ण व्यवस्था के नियमों का पालन करवाने के लिए ब्राह्मणों द्वारा अपनाए गए किन्हीं तीन तरीकों की परख कीजिए। *3*

**23.** हड़प्पावासियों की धार्मिक मान्यताओं पर पुरातत्त्वविदों के विचारों की व्याख्या कीजिए। *3*

**24.** (क) मुगल भारत में यात्रा के दौरान बर्नियर द्वारा प्रदान की गई टिप्पणियों, आलोचनात्मक अंतर्दृष्टि और चिंतन का विश्लेषण कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) "इब्न बतूता के वृत्तांतों से उस समय के भारतीय समाज की महत्त्वपूर्ण जानकारी मिलती है।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए। *3*

**25.** "विजयनगर का विट्ठल मंदिर अपनी अनूठी वास्तुकला के लिए जाना जाता था।" इस कथन की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। *3*

**26.** 1924 से 1928 तक गाँधीजी की भारतीय राजनीति में मुख्य गतिविधियों की परख कीजिए। *3*

**27.** रैयतवाड़ी व्यवस्था की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए। *3*

## खण्ड ग

### (दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न) *3×8=24*

**28.** (क) "बुद्ध को अपने समय के सबसे प्रभावशाली शिक्षकों में से एक माना जाता था।" इस कथन के प्रकाश में उनकी शिक्षाओं की व्याख्या कीजिए। *8*

**अथवा**

(ख) प्राचीन भारत में पौराणिक हिंदू धर्म की विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। *8*

collegebatch.com

## SECTION B

**(Short-Answer Type Questions)** *6×3=18*

**22.** (a) Examine the duties to be performed by Kshatriyas as codified in Dharmasutras and Dharmashastras in the ancient India. *3*

**OR**

(b) Examine any three ways evolved by Brahmanas to enforce the norms of the Varna order in the ancient India. *3*

**23.** Explain the views of archaeologists on the religious beliefs of the Harappans. *3*

**24.** (a) Analyse the observations, critical insights and reflections provided by Bernier while he travelled in Mughal India. *3*

**OR**

(b) "Ibn Battuta's accounts provide important insights into the Indian society of that time." Justify the statement. *3*

**25.** "The Vitthala temple of Vijayanagara was known for its unique architecture." Explain the statement with examples. *3*

**26.** Examine the major activities of Gandhiji in Indian politics from 1924 to 1928. *3*

**27.** Describe any three features of the Ryotwari system. *3*

## SECTION C

**(Long-Answer Type Questions)** *3×8=24*

**28.** (a) "The Buddha was considered as one of the most influential teachers of his times." In the light of this statement, explain his teachings. *8*

**OR**

(b) Explain the features of Puranic Hinduism in ancient India. *8*

collegebatch.com

**29.** (क) "मुगल कृषिक समाज में महिलाओं की भूमिका महत्त्वपूर्ण थी।" उदाहरण देते हुए इस कथन की व्याख्या कीजिए। *8*

**अथवा**

(ख) "*आइन-ए-अकबरी* मुगल साम्राज्य का एक असाधारण दस्तावेज़ है।" उदाहरण देते हुए इस कथन की व्याख्या कीजिए। *8*

**30.** (क) केन्द्र और राज्यों के बीच शक्ति के बँटवारे पर संविधान सभा के सदस्यों के विचारों का वर्णन कीजिए। *8*

**अथवा**

(ख) संविधान सभा में जवाहरलाल नेहरू द्वारा 'उद्देश्य प्रस्ताव' में व्यक्त आदर्शों का वर्णन कीजिए। *8*

## खण्ड घ

**(स्रोत-आधारित प्रश्न)** ***3×4=12***

**31.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**राजा की वेदना**

जब देवानांपिय पियदस्सी ने अपने शासन के आठ वर्ष पूरे किए तो उन्होंने कलिंग (आधुनिक तटवर्ती उड़ीसा) पर विजय प्राप्त की।

डेढ़ लाख पुरुषों को निष्कासित किया गया; एक लाख मारे गए और इससे भी ज़्यादा की मृत्यु हुई।

कलिंग पर शासन स्थापित करने के बाद देवानांपिय धम्म के गहन अध्ययन, धम्म के स्नेह और धम्म के उपदेश में डूब गए हैं।

यही देवानांपिय के लिए कलिंग की विजय का पश्चाताप है।

देवानांपिय के लिए यह बहुत वेदनादायी और निंदनीय है कि जब कोई किसी राज्य पर विजय प्राप्त करता है तो पराजित राज्य का हनन होता है, वहाँ लोग मारे जाते हैं, निष्कासित किए जाते हैं।

(31.1) राजा देवानांपिय पियदस्सी की कलिंग विजय ने उनके शासन के दृष्टिकोण को किस प्रकार प्रभावित किया? *1*

(31.2) कलिंग विजय ने प्रजा के प्रति राजा के व्यवहार को किस प्रकार बदल दिया? *1*

(31.3) राजा के परिवर्तन ने धम्म के प्रसार को किस प्रकार आकार दिया? *2*

**29.** (a) "The role of women in the Mughal agrarian society was significant." Explain the statement giving examples. *8*

**OR**

(b) "The *Ain-i-Akbari* is an extraordinary document of the Mughal Empire." Explain the statement giving examples. *8*

**30.** (a) Describe the views of the members of the Constituent Assembly on division of powers between the Centre and the States. *8*

**OR**

(b) Describe the ideals expressed in the 'Objectives Resolution' by Jawaharlal Nehru in the Constituent Assembly. *8*

## SECTION D

### (Source-Based Questions) *3×4=12*

**31.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**The Anguish of the King**

When the king Devanampiya Piyadassi had been ruling for eight years, the (country of the) Kalingas (present-day coastal Orissa) was conquered by (him).

One hundred and fifty thousand men were deported, a hundred thousand were killed, and many more died.

After that, now that (the country of) the Kalingas has been taken, Devanampiya (is devoted) to an intense study of Dhamma, to the love of Dhamma, and to instructing (the people) in Dhamma.

This is the repentance of Devanampiya on account of his conquest of the (country of the) Kalingas.

For this is considered very painful and deplorable by Devanampiya that, while one is conquering an unconquered (country) slaughter, death and deportation of people (take place) there…

(31.1) How did king Devanampiya Piyadassi's conquest of Kalinga influence his approach to governance ? *1*

(31.2) How did Kalinga's conquest change the king's actions towards his subjects ? *1*

(31.3) How did the king's transformation shape the spread of Dhamma ? *2*

**32.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**शाही भेंट अस्वीकार**

यह उद्धरण सूफ़ी ग्रंथ से है जो शेख निज़ामुद्दीन औलिया की ख़ानक़ाह में 1313 में हुई घटना का वर्णन करता है :

मेरी (अमीर हसन सिजज़ी) अच्छी किस्मत थी कि मैं उनके (निज़ामुद्दीन औलिया) कदम चूम सका... इस समय एक स्थानीय शासक ने दो बगीचे और बहुत सी ज़मीन का पट्टा शेख साहब को भेजा है। साथ ही इनके रखरखाव के लिए औज़ार व आवश्यक वस्तुएँ भेजी हैं। शासक ने यह भी साफ किया है कि वह बगीचों और ज़मीन पर अपना हक कहते हैं: "इस ज़मीन, खेत और बगीचे का मुझे क्या करना है ?... हमारे कोई भी आध्यात्मिक गुरु ने इस तरह का काम नहीं किया।"

फिर उन्होंने एक उचित कहानी सुनाई "... सुल्तान ग़ियासुद्दीन जो उस समय उलुग खान के नाम से जाने जाते थे, शेख फ़रीदुद्दीन से मिलने आए। उन्होंने शेख को कुछ धनराशि और चार गाँवों का पट्टा भेंट किया। धन दरवेशों के लिए था और ज़मीन शेख के अपने इस्तेमाल के लिए थी। मुस्कुराते हुए शेख-अल-इस्लाम (फ़रीदुद्दीन) ने कहा: मुझे धन दे दो मैं इसे दरवेशों में बाँट दूँगा, पर जहाँ तक ज़मीन के पट्टे का सवाल है उसे उन लोगों को दे दो जिन्हें उनकी कामना है....।"

(32.1) राजा ने शेख निज़ामुद्दीन औलिया को क्या प्रस्ताव दिया ? *1*

(32.2) शेख ने भूमि के पट्टे लेने से इंकार करने का क्या कारण दिया ? *1*

(32.3) शेख की प्रतिक्रिया सूफ़ी मूल्यों को किस प्रकार प्रतिबिंबित करती है ? *2*

**33.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**ताल्लुक़दारों की सोच**

ताल्लुक़दारों के रवैये को रायबरेली के पास स्थित कालाकंकर के राजा हनवन्त सिंह ने सबसे अच्छी तरह व्यक्त किया था। विद्रोह के दौरान हनवन्त सिंह ने एक अंग्रेज अफ़सर को पनाह दी और उसे सुरक्षित स्थान तक पहुँचाया था। उस अफ़सर से आख़िरी मुलाकात में हनवन्त सिंह ने कहा कि साहिब, आपके मुल्क के लोग हमारे देश में आए और उन्होंने हमारे राजाओं को खदेड़ दिया। आप अफ़सरों को भेज कर जिले-जिले में जागीरों के मालिकाने की जाँच करवाते हैं। एक ही झटके में आपने मेरे पुरखों की ज़मीन मुझसे छीन ली। मैं चुप रहा। फिर अचानक आपका बुरा वक़्त शुरू हो गया। भूमि के लोग आपके ख़िलाफ़ उठ खड़े हुए। तब आप मेरे पास आए, जिसे आपने बर्बाद किया था। मैंने आपकी जान बचाई है। लेकिन अब, अब मैं अपने सिपाहियों को लेकर लखनऊ जा रहा हूँ ताकि आपको देश से खदेड़ सकूँ।

**32.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

> **Declining a royal gift**
>
> This excerpt from a sufi text describes the proceedings at Shaikh Nizamuddin Auliya's hospice in 1313 :
>
> I (the author, Amir Hasan Sijzi) had the good fortune of kissing his (Shaikh Nizamuddin Auliya's) feet … At this time a local ruler had sent him the deed of ownership to two gardens and much land, along with the provisions and tools for their maintenance. The ruler had also made it clear that he was relinquishing all his rights to both the gardens and land. The master … had not accepted that gift. Instead, he had lamented: "What have I to do with gardens and fields and lands ? … None of … our spiritual masters had engaged in such activity."
>
> Then he told an appropriate story: "… Sultan Ghiyasuddin, who at that time was still known as Ulugh Khan, came to visit Shaikh Fariduddin (and) offered some money and ownership deeds for four villages to the Shaikh, the money being for the benefit of the dervishes (sufis), and the land for his use. Smiling, Shaikh al Islam (Fariduddin) said: 'Give me the money. I will dispense it to the dervishes. But as for those land deeds, keep them. There are many who long for them. Give them away to such persons."

(32.1) What did the ruler offer Shaikh Nizamuddin Auliya ? *1*

(32.2) What reason did the Shaikh give for refusing the land deeds ? *1*

(32.3) How does the response of the Shaikh reflect the Sufi values ? *2*

**33.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

> **What *taluqdars* thought**
>
> The attitude of the *taluqdars* was best expressed by Hanwant Singh, the Raja of Kalakankar, near Rae Bareli. During the mutiny, Hanwant Singh had given shelter to a British officer, and conveyed him to safety. While taking leave of the officer, Hanwant Singh told him:
>
> Sahib, your countrymen came into this country and drove out our King. You sent your officers round the districts to examine the titles to the estates. At one blow you took from me lands which from time immemorial had been in my family. I submitted. Suddenly misfortune fell upon you. The people of the land rose against you. You came to me whom you had despoiled. I have saved you. But now – now I march at the head of my retainers to Lucknow to try and drive you from the country.

(33.1) हनवन्त सिंह ने अंग्रेजों के प्रति अपना असंतोष कैसे व्यक्त किया ? *1*

(33.2) हनवन्त सिंह ने 'भूमि के लोग' किसे कहा ? *1*

(33.3) हनवन्त सिंह का कथन ताल्लुक़दारों की भावनाओं को कैसे दर्शाता है ? *2*

**खण्ड ङ**

**(मानचित्र-आधारित प्रश्न)** ***3+2=5***

**34.** (34.1) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 23 पर) में, निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *3×1=3*

(i) लोथल — एक विकसित हड़प्पा स्थल

(ii) अमरावती — बौद्ध स्थल

(iii) (क) आगरा — मुगलों के अधीन क्षेत्र

**अथवा**

(iii) (ख) पानीपत — मुगलों के अधीन क्षेत्र

(34.2) **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर 1857 के दौरान ब्रिटिश नियंत्रण के अधीन दो स्थानों को A और B से अंकित किया गया है। इनकी पहचान कीजिए और उनके सही नाम उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए। *2*

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **34** के स्थान पर हैं।*

(34.1) गुजरात में एक परिपक्व हड़प्पा स्थल का उल्लेख कीजिए। *1*

(34.2) आँध्र प्रदेश राज्य में एक बौद्ध स्थल का नाम बताइए। *1*

(34.3) (क) उत्तरी भारत के किसी एक क्षेत्र का उल्लेख कीजिए जो मुगलों के नियंत्रण में था। *1*

**अथवा**

(34.3) (ख) प्राचीन भारत के किसी महत्त्वपूर्ण नगर का नाम बताइए। *1*

(34.4) दो स्थानों के नाम बताइए जो 1857 के दौरान ब्रिटिश के नियंत्रण में थे। *2*

collegebatch.com

(33.1) How did Hanwant Singh express his dissatisfaction towards the British ? *1*

(33.2) Who did Hanwant Singh refer to as "the people of the land" ? *1*

(33.3) How did Hanwant Singh's statement reflect the sentiments of the taluqdars ? *2*

## SECTION E

## (Map-Based Questions) *3+2=5*

**34.** (34.1) On the given political outline map of **India** (on page 23), locate and label the following with appropriate symbols : *3×1=3*

(i) Lothal – A Mature Harappan site

(ii) Amravati – A Buddhist site

(iii) (a) Agra – A territory under the Mughals

**OR**

(iii) (b) Panipat – A territory under the Mughals

(34.2) On the same political outline map of **India**, two places which were under the control of British during 1857 have been marked as A and B. Identify them and write their names on the lines drawn near them. *2*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***34*** *:*

(34.1) Mention one mature Harappan site in Gujarat. *1*

(34.2) Name one Buddhist site in the state of Andhra Pradesh. *1*

(34.3) (a) Mention any one territory which was under the control of Mughals in Northern India. *1*

**OR**

(34.3) (b) Name any important town of ancient India. *1*

(34.4) Name two places which were under the British control during 1857. *2*

प्रश्न सं. 34 के लिए

For question no. 34

भारत का रेखा–मानचित्र (राजनीतिक)

Outline Map of India (Political)

